# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

**विज्ञप्ति संख्या - 47/2020**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि परिषद् को माध्यमिक, इंटरमीडिएट, मदरसा एवं मध्यमा परीक्षा 2021 हेतु परीक्षा एवं मूल्यांकन से संबंधित प्रपत्रों का मुद्रण किया जाना है। इस निमित्त इच्छुक पंजीकृत, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित मुद्रणकर्त्ताओं से सीलबंद लिफाफा में दिनांक 28.12.2020 को 5:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता मुहरबंद निविदा सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, ज्ञानदीप परिसर, नामकुम, बरगावाँ, राँची के पदनाम से परिषद् कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा प्रपत्रादि परिषद् कार्यालय से कार्यालय अवधि में दिनांक 11.12.2020 से 26.12.2020 तक प्रत्येक कार्य दिवस को ₹5000/- (पाँच हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है, ड्राफ्ट "JAC FUND" के नाम से भुगतेय होगा। इस राशि को लौटाया नहीं जाएगा।

निविदा दिनांक 29.12.2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे खोला जाएगा।

निविदा खोलने के समय निविदादाता/उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकेंगे।

निविदा प्रपत्र परिषद् के Website- www.jac.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। जो निविदादाता परिषद् के Website से निविदा डाउनलोड करेंगे, उन्हें ₹5000/- (पाँच हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके द्वारा प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं की जाएगी। वित्तीय बीड एवं तकनीकी बीड को अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में भरे जायेगें। उन लिफाफों पर अलग-अलग **"वित्तीय निविदा" (Financial Bid)** तथा **"तकनिकी निविदा" (Technical Bid)** लिखा रहे। सर्वप्रथम निविदा शर्त्तों की पूर्ति हेतु सभी निविदादाताओं के तकनीकी बीड के लिफाफे खोले जायेंगे। तकनीकी बीड समीक्षा के उपरान्त जो निविदादाता वांछित शर्त्तों की पूर्ति करेंगे, उन्हीं का वित्तीय बीड का लिफाफा खोला जायेगा। कार्यों का ब्यौरा एवं शर्त्त तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या एक से अधिक निविदादाताओं के बीच कार्य वितरण करने का अधिकार पूर्णरूपेण परिषद् को सुरक्षित रहेगा।

**नोट**:- भरे हुए निविदा प्रपत्र सीधे परिषद् कार्यालय अवधि में ही जमा किये जायेगें। अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित किये गये (डाक, रजिस्ट्री, email इत्यादि) निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./-**
**(महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/भंडार/1665/20-SECY/486/20
Dt. 10.12.2020
D.O.P : 11.12.2020